भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2475
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने एवं सुदृढीकरण हेतु उठाए गए कदम

2475. श्री राव राजेन्द्र सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देशभर में खेलो इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन तथा उसके प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यक्रम के शुरू होने से अब तक प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, वित्तीय सहायता तथा अन्य लाभ प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 'खेलो इंडिया केंद्र', 'खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र' और खेल अवसंरचना परियोजनाएं स्थापित अथवा स्वीकृत की गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार खेलो इंडिया पहल को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जमीनी स्तर पर खेल अवसंरचना का विस्तार करने, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को चिह्नित करने तथा युवा खिलाड़ियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में वृद्धि करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) वित्तीय वर्ष 2021–22 से 2025–26 की अवधि के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के कार्यान्वयन के संबंध में तृतीय-पक्ष मूल्यांकन कराया गया है। तृतीय-पक्ष मूल्यांकन का विवरण इस मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

(ख) और (ग): खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत राजस्थान राज्य सहित देशभर में उपलब्ध विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे कि खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई), खेलो इंडिया प्रत्यायित अकादमियों (केआईएए) तथा खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) एवं कोचों का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) और (ङ): सरकार जमीनी स्तर पर खेलों के विकास, खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उनके संवर्धन तथा खिलाड़ियों को संरचित प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने पर बल देते हुए खेलों इंडिया पहल के मौजूदा घटकों के माध्यम से इसे निरंतर सुदृढ़ कर रही है। खेलो इंडिया स्कीम मांग-आधारित स्कीम है। खेल अवसंरचना के विकास तथा खेल विकास संबंधी पहलों के विस्तार के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों एवं अन्य पात्र निकायों से वित्तीय सहायता हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता, अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं, खेल क्षमता, कार्यान्वयन की तत्परता तथा स्कीम के अंतर्गत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है।

****